

देहरादून के यूपीईएस स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस ने बुधवार को सिग्नेचर इवेंट इंटरनेशनल हार्डवेयर हैकाथॉन के विजेताओं को सम्मानित किया।

# इंटरनेशनल हार्डवेयर हैकाथॉन का आयोजन

देहरादून। यूपीईएस स्कूल ऑफ कंम्प्यूटर साइंस ने अपने सिग्नेचर इवेंट इंटरनेशनल हार्डवेयर हैकाथॉन के ग्रैंड फाइनल का आयोजन बुधवार को किया। इसका उद्देश्य मानवीय प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने और प्रतिभागियों को हार्डवेयर सॉल्यूशंस की मदद से वास्तविक दुनिया की समस्या समाधान का मंच प्रदान करना है। हैकाथॉन को विजेता कोड कैटेलिस्ट महाराजा सूरजमल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी नई दिल्ली रही। विजेता टीम को एक लाख का पुरस्कार दिया गया। उपविजेता गोस्टएक्सवॉकर्स राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज बांदा को 75 हजार और दूसरे उपविजेता नेक्सॅस यूपीईएस दून को 50 हजार रुपये का इनाम दिया गया। मौके पर मुख्य अतिथि अमरराजा एनर्जी के एसोसिएट वाइस प्रेजीडेंट कुलदीपक शर्मा आदि मौजूद रहे।